नाम........................................ अनुक्रमांक..................

# वार्षिक परीक्षा (APP-25)

कक्षा - 11

समय : 3 घण्टे 15 मिनट ] **सामान्य हिन्दी** [ पूर्णांक : 100

नोट- (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब' में विभाजित है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

## खण्ड-'क' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1 (क) 'रानी केतकी की कहानी' के रचनाकार का नाम है? 1

(i) प्रेमचन्द (ii) इंशा अल्ला खाँ (iii) जैनेन्द्र (iv) सदल मिश्र

(ख) मुंशी प्रेमचन्द का उपन्यास है? 1

(i) परख (ii) कंकाल (iii) सुनीता (iv) निर्मला

(ग) डॉ0 सम्पूर्णानन्दकृत जीवनी है- 1

(i) कलम का सिपाही (ii) सरदार पृथ्वी सिंह

(iii) महात्मा गाँधी (iv) जयप्रकाश नारायण

(घ) आकाशदीप किस विधा की रचना है? 1

(i) कहानी (ii) उपन्यास (iii) नाटक (iv) निबन्ध

(ङ) आदिकाल को वीरगाथा काल नाम किसने दिया है? 1

(i) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(iii) डा0 नगेन्द्र (iv) अज्ञेय

2. (क) तारसप्तक के सम्पादक थे- 1

(i) अज्ञेय (ii) मुक्तिबोध (iii) निराला (iv) सुमित्रानन्दन पन्त

(ख) 'बीजक' किसकी रचना है? 1

(i) कबीरदास (ii) सूरदास (iii) तुलसीदास (iv) केशवदास

(ग) निम्न में से कौन सूफीमत के कवि थे? 1

(i) सूरदास (ii) मीराबाई (iii) जायसी (iv) कुम्भन दास

(घ) निम्न मे से रीति काल के कवि कौन हैं? 1

(i) तुलसीदास (ii) बिहारी (iii) रसखान (iv) चन्दवरदायी

(ङ) विनय पत्रिका किस भाषा की कृति है। 1

(i) अवधी (ii) ब्रज (iii) बुन्देली (iv) खड़ी बोली

3 निम्नलिखित अवतरणों को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

इस अभागे आलसी देश में जो कुछ हो जाए वही बहुत है। हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी हैं। यद्यपि फर्स्ट क्लास, सेकेण्ड क्लास हो आदि गाड़ी बहुत अच्छी-अच्छी और बड़े-बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगी हैं पर बिना इंजिन सब नही चल सकती वैसे ही

P.T.O.

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलाने वाला हो तो वे क्या नहीं कर सकते।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

(i) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ii) इस गद्यांश के लेखक और रचना का नाम लिखिए। 2

(iii) लेखक ने हिन्दुस्तानियों की तुलना रेल गाड़ी से क्यों की? 2

(iv) महसूल का क्या अर्थ है? 2

(v) इंजिन किस भाषा का शब्द है? 2

**अथवा**

जब तक आत्मसाक्षात्कार न होगा, तब तक अपूर्णता की अनुभूति बनी रहेगी और आनन्द की खोज जारी रहेगी। इस खोज में सफलता, आनन्द की प्राप्ति, अपने परम ज्ञानमय स्वरूप में स्थिति यही मनुष्य का पुरुषार्थ, उसके जीवन का चरम लक्ष्य है और उसको इस पुरुषार्थ-साधन के योग्य बनाना ही शिक्षा का उद्देश्य है। वह राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था सबसे अच्छी है जिससे पुरुषार्थ-सिद्धि में सहायता मिल सके: कम से कम बाधाएँ तो न्यूनतम हों।

(i) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ii) इस गद्यांश के लेखक और रचना का नाम लिखिए। 2

(iii) लेखक के अनुसार जीवन का चरम लक्ष्य क्या है? 2

(iv) छात्र की पुरुषार्थ सिद्धि में राज्य व समाज क्या योगदान कर सकता है? 2

(v) गद्यांश के आधार पर शिक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 2

4. निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

लम्बा मारग दूरि घर, बिकट पंथ बहु मार।
कहौ सन्तौ क्यूँ पाइये, दुलर्भ हरि दीदार ।।
यहु तन जारौ मसि करौं, लिखौं राम का नाउँ।
लेखणि करौं करक की, लिखि-राम पठाउँ।।

(i) प्रस्तुत पद्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए?

(ii) प्रभु प्राप्ति के मार्ग में कौन-कौन सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है?

(iii) कवि अपने शरीर की हड्डियों से क्या बनाना चाहता है?

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

(v) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए?

(i) मारग (ii) हरि

**अथवा**

मकराकृति गोपाल कैं, सोहत कुंडल कान।
धर्‌यो मनौ हिय धर समरु, ड्यौढ़ी लसत निशान ।।
बतरस-लालच लाल की, मुरली धरी लुकाइ।
सौंह करैं भौंहनु हँसै, दैन कहैं नटि जाइ ।।

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

(i) प्रस्तुत पद्यांश के कवि व कविता का नाम बताइए। 2

(ii) श्रीकृष्ण की मुरली किसने तथा क्यों छिपा दी? स्पष्ट कीजिए। 2

(iii) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या कीजिए। 2

(iv) गोपाल के कान में क्या सुशोभित हो रहा है। 2

(v) बतरस का क्या अर्थ है? 2

5. (क) निम्न लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय लिखिए? 6

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) सरदार पूर्ण सिंह

(iii) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ख) निम्न कवियों में से किसी एक का साहित्यिक परिचय दीजिए? 6

(i) सूरदास (ii) गोस्वामी तुलसीदास (iii) बिहारी

6. बलिदान अथवा प्रायश्चित कहानी का सारांश लिखिए? 6

7. स्वपठित नाटक के आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। 6

(i) गरुड़ध्वज नाटक के द्वितीय अंश का सारांश लिखिए।

(ii) गरुड़ध्वज नाटक के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**(खण्ड-ख)**

8. (क) निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 2+5=7

भारतवर्षस्य उत्तरप्रदेशराज्ये प्रयागस्य विशिष्टं स्थानमस्ति। अत्र ब्रह्मणः प्रकृष्टयागकरणात् अस्य नाम प्रयागः अभवत्। गंगा यमुनयोः संगमे सितासितजले स्नात्वा जनाः विगतकल्मषा भवन्ति इति जनानां विश्वासः। अमायां पौर्णमास्यां संक्रान्तौ च स्नानार्थिनामत्र महान् सम्मर्दः भवति।

**अथवा**

अस्योपत्यकायां विद्यमानः कश्मीरो देशः स्वकीयाभिः सुषमाभिः भूस्वर्ग इति संज्ञया अभिहितो भवति लोके, ततश्च पूर्वस्यां दिशि स्थितः किन्नर-देशो देवभूमिनाम्ना प्राचीन साहित्ये प्रसिद्धः आसीत्। https://www.upboardonline.com

(ख) दिये गए श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 2+5=7

अशोच्यनन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे।
गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः ।।

**अथवा**

मातृवत् परदारेषु परद्रव्येषु लोष्ठवत्
आत्मवत् सर्वभूतेषु यः पश्यति स पण्डितः

9. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए। 1+1=2

(i) आँख का तारा (ii) इधर कुंआ उधर खाई (iii) [illegible] कट जाना

(iv) ऊँची दुकान फीके पकवान

10. निम्नलिखित शब्दों के सन्धि विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए। 2

(i) 'साक्षर' का सन्धि-विच्छेद है।

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

(क) स + अक्षर (ख) सा + अक्षर (ग) सु + अक्षर (घ) स + आक्षर

(ii) रजनीशः का सन्धि विच्छेद है। 2

(क) रजनी + शः (ख) रज + नीशः (ग) रजनी + ईशः (घ) राज + इसः

11. निम्मलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए- 1½

(क) कपट - कपाट

(i) कप और प्लेट (ii) किवाड़ और खिड़की

(iii) धोखा और दरवाजा (iv) पर्दा और किवाड़

(ख) धर्म में निष्ठा रखने वाला- 2

(i) धर्मनिष्ठ (ii) अधर्मी (iii) अनिन्दनीय (iv) इनमें से कोई नहीं

12. (क) करुण **अथवा** हास्य रस की परिभाषा सहित उदाहरण लिखिए। 2

(ख) रूपक **अथवा** यमक अलंकार की परिभाषा सहित उदाहरण लिखिए। 2

(ग) दोहा **अथवा** चौपाई छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

13. किसी बैंक के प्रबन्धक को कोई व्यवसाय करने के लिए ऋण-प्राप्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए। 7

**अथवा**

समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर लेखपाल-पद नियुक्ति हेतु अपने जनपद के जिलाधिकारी को एक आवेदन पत्र लिखिए?

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखिए? 9

(1) अन्तरिक्ष विज्ञान
(2) शिक्षा का अधिकार
(3) पर्यावरण और प्रदूषण
(4) साहित्य और समाज

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner